भारत सरकार
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 2178
दिनांक 12 दिसंबर, 2025 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

एम्स आउटरीच ओपीडी की स्थापना

†2178. श्री सौमेंदु अधिकारीः

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के निकट विभिन्न स्थानों पर एम्स आउटरीच ओपीडी स्थापित करने का विचार है, जहां अस्पताल कार्यात्मक हैं और जिनमें अभी तक चालू नहीं हुए तेरह कॉलेज शामिल हैं;

(ख) यदि हां, तो ऐसे चिकित्सा ओपीडी केन्द्रों की स्थापना के लिए प्रस्तावित स्थानों तथा चिह्नित स्थानों का ब्यौरा क्या है ताकि आम जनता तक उन्हें सुलभ बनाया जा सके;

(ग) क्या सरकार एम्स के सहयोग से सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल के तहत उक्त संस्थान स्थापित करेगी; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री प्रतापराव जाधव)

(क) से (घ) प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना (पीएमएसएसवाई) के अंतर्गत अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के निकट विभिन्न स्थानों पर आउटरीच ओपीडी स्थापित करने का कोई प्रस्ताव नहीं है।

*****